थाम लो कन्हैया | By Rekha Dhiman

नाझी बन जा श्याम धणी मेरी सुनले करुण पुकार
अभी किनारा बहुत दूर है मेरी टूट गई पतवार

मझधार में है नैया भव पार तुम लगा दो 4
मुझे थाम लो कन्हैया तक़दीर तुम जगा दो
मझधार में है नैया .....

दुनिया से श्याम बाबा खाया है मैंने धोखा
बढ़ने लगा मैं जब भी अपनों ने मुझको रोका
बन के मेरा खिवैया भव पार तुम लगा दो
मझधार में है नैया.....

तेरा सहारा मुझे तेरा सहारा
तेरा सहारा मुझे तेरा सहारा

किस दर पे जाऊं बाबा कोई और ना ठिकाना
तेरे भरोसे सब कुछ मेरी लाज तुम बचाना
उजड़ा है मेरा गुलशन रेहमत से तुम सजा दो
मझधार में है नैया.....

मुश्किल में श्याम बाबा मुझको तेरा सहारा
पतवार तुमने थामी मुझे मिल गया किनारा
सोनी को तेरे दर का नौकर प्रभु बना दो
मझधार में है नैया.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a5%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-by-rekha-dhiman/